## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# सबसे बड़े अस्पताल में मरीजों को बाहर से लेनी पड़ रही है दवाइयां

**जिम्मेदार कौन**

## अस्पताल में हार्ट स्पेशलिस्ट,एक्स-रे टेक्नीशियन की बनी हुई है कमी

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ। वर्तमान में जिला अस्पताल में मरीजों की काफी तादात में भीड़ लगी हुई। अस्पताल में वर्तमान में मौसमी वायरल से पीड़ित मरीजों की ज्यादा संख्या दिखाई दी। बता दें कि अस्पताल में फिजीशियन के कक्ष के आगे बड़ी तादात में मरीजों की भीड लगी हुई थी। जिले के सबसे बडे अस्पताल में वर्तमान में ,हार्ट स्पेलिस्ट ,एक्स–रे टेक्नीशियन की कमी बनी हुई है। हालात यह है कि अस्पताल की अव्यवस्थाओं के कारण दूर दराज से आने वाले व स्थानीय बीमार मरीजों को प्राइवेट अस्पताल के भरोसे रहना पड़ रहा है। अस्पताल के वार्ड के भीतर जाने पर जानकारी हाथ लगी कि वार्ड में अधिकांश मरीज वायरल से पीड़ित है।

आलम यह है कि वार्ड में अपने तीरमदारो के साथ भर्ती हुए मरीज बाहर से लिखी दवाइयों को लेने को मजबूर हो हो रहे है। वही मरीजों का कहना था कि बाहर से दवाइयां लेने में खासी दिक्कतें उठानी पड़ रही है। जिले के अस्पताल में मरीजों के साथ उनके तीरमदार भी खासे परेशान हो रहे है। हालात इतने बद्दत्तर है कि जिला अस्पताल में अव्यवस्थाओं का रोड़ा आगे आ रहा है। अस्पताल के भीतर से मरीजों को केवल तीन खुराक मिल रही है जो कि केवल खानापूर्ति के सिवाय कुछ भी नही है। दूसरी ओर स्वास्थ कार्ड से हालांकि मरीजों को जांचों व आपरेशन में कुछ राहत मिल रही है। बीमार मरीज को मंहगें रेट पर बाहर से दवाइयां लेनेको विवश होना पड़ रहा है। ऐसे में मरीजों की आर्थिक स्थिति में असर पड़ने के खासा असर नजर आने लगे है। सीमांत के सबसे बडे अस्पताल में मरीजों को बाहर से दवा लिखे जाने पर जिले के सामाजिक संगठन जिले के सीएमओ के आगे अपनी आप बीती व्यथा रख चुके है मगर हालात जस के तस पड़े हुए है। जिले में मरीजों को स्वास्थ सेवा का लाभ लेने के लिए समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।




इस बारे में जिले के सामाजिक संगठन कई बार प्रदर्शन भी कर चुके है मगर आज तक हल नही निकल सका है। वही ऐसे में मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है। इस बारे में पीएमओ के सी भट्ट ने भी कहा है कि जिले में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को बाहर से दवाइयां लेनी पड़ रही है। उन्हें इसकी शिकायत मिली है। यह बेहद गंभीर मामला है।

## न्यूज डायरी

### भाजपा संगठन की व्यवस्था पर ही चम्पावत जाएंगे कार्यकर्त्ता

**संवाददाता** देहरादून। विधानसभा की चम्पावत सीट के उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के पक्ष में प्रचार के लिए अब भाजपा संगठन की व्यवस्था पर ही नेताओं व कार्यकर्त्ताओं को चम्पावत भेजा जाएगा। पार्टी ने चम्पावत में ठहरने आदि की व्यवस्था के दृष्टिगत यह निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री के उपचुनाव लडने के मद्देनजर चम्पावत में प्रचार के लिए जाने को पार्टी कार्यकर्त्ताओं में होड़ सी लगी है। ये बात भी सामने आई है कि पार्टी नेतृत्व को बताए बगैर भी बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता वहां पहुंच रहे हैं। ऐसे में उनके लिए वहां ठहरने की व्यवस्था करना मुश्किल हो रहा है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री कुलदीप कुमार के अनुसार अब ये तय किया गया है कि पार्टी संगठन की व्यवस्था पर ही नेता व कार्यकर्त्ता चम्पावत जाएंगे। इससे वहां उनके रहने आदि की व्यवस्था ठीक से हो सकेगी।

### एचडीएफसी बैंक ने बनाई ग्रामीण बैंकिंग व्यवसाय की रूपरेखा

**संवाददाता** देहरादून। एचडीएफसी बैंक ने घोषणा करके बताया कि इसने भारत में गहराई तक उतरने के लिए ग्रामीण बैंकिंग क्रियाकलाप की रूपरेखा तैयार की है। बैंकिंग उत्पादों को भीतरी इलाकों में और ज्यादा आगे तक ले जाने के लिए, ग्रामीण बैंकिंग इस दिशा में बैंक के मौजूदा अभियानों को संगठित करेगी और उसे अंतिम छोर तक लेकर जाएगी। एचडीएफसी बैंक में सीनियर एग्जिक्यूटिव वाईस प्रेसिडेंट एवं नेशनल ग्रामीण बैंकिंग हेड, अनिल भवनानी ने कहा, ''हम बैंक के विश्वस्तरीय उत्पाद व सेवाएं भारत के सबसे दूरदराज के हिस्सों तक ले जाने के लिए उत्साहित हैं।'' उन्होंने कहा, ''यह एक चुनौती एवं एक अवसर, दोनों है, और मैं इस दिशा में काम करने के लिए बहुत उत्साहित हूँ।

### 'गुडनाइट इंडिया' में जिया शंकर ब्यूटी, ह्यूमर और पंचलाइनों का एक सही मेल

**संवाददाता** देहरादून। सोनी सब के 'गुडनाइट इंडिया' में को–होस्ट की भूमिका निभाने से पहले, जिया शंकर लोगों के बीच काफी लोकप्रियता हासिल कर चुकी हैं और उन्हें 'काटेलाल एंड सन्स' में अपनी भूमिका के लिये बखूबी जाना जाता है। लेकिन 'गुडनाइट इंडिया' में उन्होंने एक नई चुनौती ली है। वे इस शो में अपनी कमाल की कॉमिक टाइमिंग और हाजिरजवाब पंच लाइनों से अपने और भी फैन्स बना रही हैं। इस शो में काम करने के अपने अनुभव के बारे में जिया कहती हैं, "भले ही 'गुडनाइट इंडिया' जैसा शो मेरे लिये एक नया अनुभव है, लेकिन मुझे इस बात की खुशी है कि इस शो के दर्शकों के साथ–साथ पूरी टीम से काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है।

# अधिकारियों में सरकार का डर न होना बड़ी नाकामी: मोर्चा

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में सरकारी विभाग की हालत कल स्वयं मा. मुख्यमंत्री जी ने परखी, जिसमें कई अधिकारी/कर्मचारी नदारद एवं लेट लतीफ मिले, जोकि सरकार की बहुत बड़ी नाकामी है। ये आलम तब है, जब आरटीओ कार्यालय की दूरी सचिवालय/सीएम निवास/राजभवन से मात्र 7–8 सौ मीटर है।

नेगी ने चिंता जताते हुए कहा कि जनता अपने छोटे–मोटे काम कराने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटकर थक जाती है, लेकिन उनको कार्यालय में अधिकारी/ कर्मचारी नहीं मिल पाते। कई अधिकारियों की दिनचर्या तो यह हो गई है कि वे 11 बजे के बाद ही आना पसंद करते हैं तथा कई हाजिरी लगाकर गायब हो जाते हैं तथा कई क्षेत्र में होने का बहाना कर घर में आराम फरमा रहे होते हैं , जिसका अनुसरण मातहत कर्मचारी भी करते हैं। विभागों में फाइल बगैर लेनदेन के खिसकने का नाम नहीं लेती तथा अधिकारी/कर्मचारी सरेआम सुविधा शुल्क की मांग करते हैं। नेगी ने कहा कि कल राजधानी की नाक के नीचे आरटीओ कार्यालय में स्वयं मा. मुख्यमंत्री के औचक निरीक्षण में सरकार के काम की कलई खुल गई, जिसमें अधिकांश अधिकारी/कर्मचारी नदारद मिले अथवा कुछ समय पर नहीं पहुंचे। मोर्चा द्वारा कई माह पहले भी सरकार को चेताने का काम किया था, लेकिन सरकार सोई रही



## सीएस ने श्री बद्रीनाथ में चल रहे विभिन्न पुर्ननिर्माण कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने गुरूवार को श्री बद्रीनाथ में चल रहे विभिन्न पुर्ननिर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों की अच्छी प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इतनी ऊंचाई पर जिस तेजी से कार्य हो रहा है, यह सराहनीय है। मुख्य सचिव ने कहा कि श्री बद्रीनाथ में काफी कार्य इसी सीजन में पूरे हो जायेंगे। श्री बद्रीनाथ आने वाले श्रद्धालुओं को कम से कम असुविधा हो, इसके प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक–दो साल में केवल भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया में भी लोग उदाहरण देंगे कि इतनी अधिक ऊंचाई के धार्मिक स्थल होने पर भी श्री बद्रीनाथ में सराहनीय कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों के सुझावों को भी ध्यान में रखा जायेगा। मुख्य सचिव ने चारधाम यात्रा पर आने वाले सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध किया कि चारधाम यात्रा आने से पूर्व रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें।

# बारिश ने पालिका की व्यवस्थाओं पर सवाल करने कर दिये शुरू

**संवाददाता** पिथौरागढ़। सीमांत जनपद में में रोजाना हो रही बारिश ने जिले की पालिका की व्यवस्थाओं पर सवाल करने शुरू कर दिये है। जानकारी के मुताबिक बारिश के बाद जिले के घरों व दुकानों में पानी घुसने की समस्या थमने का नाम नही ले रही है। वही ऐसे में वार्ड के सभासद इस मामले को लेकर पालिका के ईओ के खिलाफ लांमबद हो चुके है।

बता दें कि नया बाजार वार्ड के सभासद अनिल महरा ने जिले के मुख्य बाजारों में बारिश के दौरान लंबे समय से बंद पड़े कलमठ व क्षतिग्रस्त हो चुकी नालियों को खोले जाने को लेकर पालिका बोर्ड की बैठक में मामला



वार्ड के सभासद पालिका के ईओ के खिलाफ हुए लांमबद

रखने के बाद भी आज तक समस्या का हल निकाले जाने पर ईओ नगर पालिका के ध्यान नही दिये जाने पर खासी नराजगी जाहिर की है।

अब तक कई बार इस मामले से अवगत कराने के बाद ईओ द्वारा कोई जवाबी कारवाही धरातल पर न किये जाने से अनिल महरा ने मानसून काल में कोई घटना होने पर ईओ को जिम्मेदार बताया है। मानसून काल सिर पर है। मुख्य बजार व घरों के लोग थोड़ी सी बारिश में आफत आने पर डरे व सहमें हुए है।

सिमलगैर वार्ड के सभासद अनिल महरा ने कहा है कि यदि मानसून काल से पहले इस समस्या का नही निकाला जाता है तो जिले में कोई बडी घटना होने पर इसके जिम्मेदार ईओ पालिका होगे। वही इस मामले में पालिका के ईओ दीपक गोस्वामी ने कहा कि सभासद महरा के पहल के लिए हम उनके आभारी है। जल्द ही इस समस्या का समाधान एक सप्ताह के भीतर निकाल लिया जायेगा।

## गन्ना किसानों की विभिन्न समस्याओं के सम्बन्ध में हुई बैठक

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश के पशुपालन/दुग्ध विकास एवं मत्स्य पालन/गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग/कौशल विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने विधानसभा स्थित सभा कक्ष में भारतीय किसान यूनियन के प्रतिनिधि मण्डल के साथ गन्ना किसानों की विभिन्न समस्याओं के सम्बन्ध में बैठक की। बैठक में भारतीय किसान यूनियन के प्रतिनिधियों द्वारा किसानों के गन्ना भुगतान शीघ्र कराये जाने, चीनी मिलों के नवीनीकरण कराने जाने, सरकारी मिलों में रिक्त पदों को भरने, गन्ना वाहन से टोल टैक्स न वसूले जाने आदि के सम्बन्ध में मंत्री से विस्तृत चर्चा की गई। मंत्री ने किसानों की समस्याओं का निस्तारण शीघ्र किये जाने हेतु विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। बैठक में सचिव गन्ना एवं चीनी विजय यादव, आयुक्त गन्ना एवं चीनी हंसा दत्त पाण्डे, प्रबंध निदेशक गन्ना एवं चीनी उदयराज सिंह, भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष सोमदत्त शर्मा तथा अन्य किसान नेता उपस्थित रहे।